# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 09.03.2026**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 08.03.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**थाना सुहवल पुलिस द्वारा 01 नफ़र वारण्टी को किया गया गिरफ्तार ।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.03.2026 को उ0नि0 विरेन्द्र राय मय हमराह द्वारा न्यायाधिकारी मा0 ग्राम न्यायालय जमानियां गाजीपुर द्वारा निर्गत गैर जमानती वारण्ट सम्बन्धित वाद संख्या-376/2013 धारा- 308 भादवि के अभियुक्त पारस पासी पुत्र सुरज पासी निवासी सुजानपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर घर पर मौजूद मिले। नाम पता पूछ कर तस्दीक किया गया तो नाम पता तस्दीक होने पर गैर जमानती वारण्टी पारस पासी पुत्र सुरज पासी निवासी सुजानपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर को मा0न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारण्ट की प्रति दिखाकर उपरोक्त वारण्ट के तामिला हेतु कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1.पारस पासी पुत्र सुरज पासी निवासी सुजानपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**